तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 6 अप्रैल 2025
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



4 पीडीएस दुकानों में स्टॉक का हो रहा भौतिक सत्यापन, दुकानें बंद

## खबर संक्षेप

### कोयला मंत्री एसईसीएल गेवरा का दौरा करने आएंगे 10 को



**कोरबा।** केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी का 10 अप्रेल को एसईसीएल गेवरा आगमन हो रहा है। प्रबंधन इसकी तैयारी में जुट गया है। जानकारी के मुताबिक केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी 10 अप्रेल की सुबह रायपुर पहुंचेंगे। यहां से हेलीकाप्टर के जरिए वे सुबह लगभग 9.30 बजे जिले में स्थित एसईसीएल गेवरा पहुंचेंगे। कोयला मंत्री विश्व की दूसरी बड़ी कोल माइंस गेवरा का अवलोकन करेंगे तथा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेंगे। कोयला मंत्री का कुसमुंडा माइंस भी आगमन हो सकता है। बताया गया है कि 4 बजे वे हेलीकाप्टर के माध्यम से रायपुर लौटेंगे। केन्द्रीय मंत्री के साथ अतिरिक्त कोयला सचिव भवानी प्रसाद पति, सीआईएल चेयरमैन पीएम प्रसाद का भी आगमन होगा। कोयला मंत्री बनने के बाद उनका पहला एसईसीएल खदान दौरा होगा।

### महिला फुटबाल चैंपियनशिप 18 से 25 मई तक

**कोरबा।** महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत की अगुवाई में 44वीं छत्तीसगढ़ महिला फुटबाल चैंपियनशिप का आयोजन कोरबा के घंटाघर ओपन थियेटर मैदान में 18 मई से 25 मई तक प्रथम बार रात्रिकालीन होने जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए भारतीय महिला फुटबाल महासंघ,नई दिल्ली के सचिव शेख जावेद ने बताया कि महापौर व छत्तीसगढ़ महिला फुटबाल संघ की अध्यक्ष संजू देवी राजपूत से चर्चा कर यह निर्णय लिया गया है कि गर्मी के कारण उपरोक्त दिवस पर रात्रिकालीन चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। सचिव जावेद ने बताया इस चैंपियनशिप में संभावित टीमें पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, तेलंगाना, गुजरात, अरुणाचल प्रदेश, कर्नाटक, असम व मेजबान छत्तीसगढ़ है। सभी खिलाड़ियों के ठहरने व आवागमन की उचित व्यवस्था की गई है।

### सुबह 8 बजे के बाद मुख्य मार्ग पर न दिखे कचरा

**कोरबा।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने दर्री क्षेत्र के विभिन्न वार्डो व बस्तियों का भ्रमण करते हुए वहां के साफ-सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मुख्य मार्गो का सफाई कार्य प्रातः 8 बजे से पूर्व किया जाना सुनिश्चित करें, साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि प्रातः 8 बजे के बाद मुख्य मार्गो के किनारे कचरा न दिखें। उन्होने वार्डो में स्थित नालियों, सड़कों आदि की व्यवस्थित रूप से साफ-सफाई किए जाने, कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन करने तथा सफाई कार्य में तैनात सभी कर्मचारियों की कार्य स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थिति के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

### प्रधानमंत्री ई-सेवा के प्रस्तावित टर्मिनल स्थल पहुंचे आयुक्त

कोरबा। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने प्रतीक्षा बस स्टैंड सरदार पटेल नगर जमनीपाली में प्रस्तावित प्रधानमंत्री ई-बस सेवा टर्मिनल व चार्जिंग प्वांइट स्थल का निरीक्षण किया, उन्होने टर्मिनल चार्जिंग प्वांइट निर्माण के संबंध में संपादित की जा रही कार्यप्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय द्वारा प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में खड़ी सिटी बसों का निरीक्षण किया तथा सिटी बसों का आवश्यक मरम्मत कार्य कर बसों को संचालित कराने के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।

### गर्मी में पेयजल संकट गहराने की सीईओ को दी थी जानकारी

# पोड़ी ब्लॉक में अब तक नहीं शुरु हो सकी जल जीवन मिशन मुद्दे की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जल जीवन मिशन के तहत विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा में किए गए कार्यों के बाद भी कुछ ग्रामों में पानी नहीं पहुंचने से गर्मी में खड़े होने वाले पेयजल संकट के संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने एकमत होकर जल जीवन मिशन में गड़बड़ियों का मुद्दा उठाते हुए इसके जांच का प्रस्ताव पारित किया था जो अब तक शुरु नहीं हो सकी है। जबकि सामान्य सभा को हुए 10 दिन का समय बीत चुका है।

**खास बात**
- जिला पंचायत की पहली सामान्य सभी में अध्यक्ष सदस्यों ने उठाया था योजना में गड़बड़ी का मुद्दा

जिला पंचायत गठन के बाद 24 मार्च को सामान्य सभा की पहली बैठक हुई थी और इस बैठक में ही विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के कई ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने, टंकी का निर्माण होने के बावजूद लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंचने और गर्मी के मौसम में पेयजल संकट का मुद्दा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह सहित क्षेत्र के सभी जिला पंचायत सदस्यों ने एकमत होकर उठाया था और योजना से लोगों को पानी नहीं मिलने पर विस्तृत चर्चा करते हुए इसके जांच की मांग करते हुए प्रस्ताव भी पारित हुआ था। 24 मार्च को पहली बैठक हुए 10 दिन का समय बीत चुका है और अब तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के उन ग्रामों में जांच शुरु नहीं कर सका है जिनकी जानकारी जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सदस्यों ने सामान्य सभा की बैठक में दी थी। इन ग्रामों में टेलियामार, रानीमार, लैंगा, पंडरीपानी, कौआताल एवं ग्राम मातिन शामिल हैं। जहां के लोगों को पानी का संकट झेलना पड़ रहा है।





जलजीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा टंकी निर्माण और लगाए गए टेप नल जिससे नहीं निकल रहा पानी।

### दस दिन में नहीं पहुंचा जिला पंचायत से कार्यवाही विवरण

जिला पंचायत से महज 5 सौ मीटर की दूरी पर स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यालय तक कार्यवाही विवरण की जानकारी 10 दिन का समय बीतने के बाद भी नहीं पहुंची है। जिला पंचायत की सामान्य सभा में जो भी प्रस्ताव पारित होते हैं उनका कार्यवाही का विवरण जिला पंचायत से विभागों तक पहुंचाया जाता है और उसके बाद संबंधित विभाग उस कार्यवाही विवरण के आधार पर आगे की कार्यवाही करते हैं। जब तक जिला पंचायत से कार्यवाही विवरण विभागों में नहीं पहुंचती संबंधित विभाग आगे की कार्यवाही नहीं कर पाते।

**नहीं पहुंचा कार्रवाई विवरण**

जिला पंचायत की सामान्य सभा में जल जीवन मिशन के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के संबंध में चर्चा जरुर हुई थी लेकिन अब तक कार्यवाही विवरण उनके पास नहीं पहुंचा है।

-रमन उरांव,
कार्यपालन अभियंता पीएचई

# जिले में 125 पटवारियों का एक साथ तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के अलग-अलग तहसीलों में लंबे समय से पदस्थ पटवारियां को प्रशासनिक दृष्टिकोण से एक तहसील से दूसरे तहसील में तबादला किया है। उन्होंने तहसील कोरबा के 11, अजगरबहार के 5, भैंसमा के 8, बरपाली के 13, करतला के 8, दीपका के 8, कटघोरा के 12, दर्री के 8, हरदीबाजार के 10, पाली के 13, पोड़ी उपरोड़ा के 21, और पसान के 8 पटवारियों के कुल 125 पटवारियों का स्थानांतरण अलग-अलग तहसीलों में किया है। उन्होंने संबंधित पटवारियों को 7 अप्रैल 2025 तक कार्य भार ग्रहण करने के आदेश दिए हैं। तहसील कोरबा से - बसंत कुमार को पोड़ी उपरोड़ा, राजेन्द्र प्रसाद साहू को पाली, सुनीता साहू पसान, खेमलता चौहान हरदीबाजार, त्रिलोक सोनवानी बरपाली, मिथलेश कुमार वर्मा दर्री, प्रीती साहू करतला, सुषमा सिंह दीपका, दीपक सिंह कटघोरा, राम प्रसाद महानंद दीपका, प्रशांत दूबे को पसान स्थानांतरित किया गया है। तहसील अजगरबहार से - रीना भैना, विजय कुमार तंवर, नन्दबचन यादव, पोड़ी उपरोड़ा, द्वारिका कैवर्त हरदीबाजार, परमेश्वर सिंह कंवर को कटघोरा स्थानांतरित किया गया है। तहसील भैंसमा से - अक्टूबर सिंह कटघोरा, आदित्य कुमार लक्ष्मण, भरत लाल चौहान, राम सिंह कंवर, पोड़ी उपरोड़ा, नेतराम प्रजापति हरदीबाजार, हेमन्त प्रताप सिंह दीपका, नीरज सिंह चंदेल दर्री, दिनेश कुमार सेन को हरदीबाजार स्थानांतरित किया गया है। तहसील बरपाली से - पुष्पराज सिंह राज, धनेश्री सिदार, इसरत परवीन, पोड़ी उपरोड़ा, मंजूलता कंवर दीपका, सूरज कुमार पसान, सोमप्रभा पाटनवार हरदीबाजार, पुष्पेन्द्र कंवर कटघोरा, धनंजय महतो, संतोष कुमार आर्मो, पाली, गणेश पाटले कोरबा, सुभद्रा चौहान दर्री, चन्द्रशेखर कुर्रे करतला, रविन्द्र दास महंत को पसान स्थानांतरित किया गया है। करतला से - नंदलाल साहू, जयवर्धन सिंह कंवर, मुग्धा राठौर, पोड़ी उपरोड़ा, रीना वर्मा दीपका, विरेन्द्र सिदार पसान, इन्द्रवान सिंह कंवर, यमिता सिंह दर्री, जयपाल सिंह कंवर को पाली स्थानांतरित किया गया है। तहसील दीपका से - राजमणी मांझी, संतोष कुमार चौहान, प्रमोद काठले पोड़ी उपरोड़ा, दीपक कुमार बरेठ, विनोद कुमार कंवर भैंसमा, हरिकिशन सिंह करतला, रविन्द्र कुमार काठले बरपाली, राजेश्वरी प्रधान को कोरबा स्थानांतरित किया गया है। तहसील कटघोरा से - तेज कुमारी, अंबा दास, विनिता कुजुर, आभा नामदेव, कैलाश चन्द्र महतो बरपाली, विमला मार्को भैंसमा, बृजपाल सिंह, मनमोहन सिंह कैवर्त, सुनीता कंवर करतला, जितेन्द्र कुमार पटेल, अनिल कुमार कोर्राम पाली, आशुतोष कुमार को कोरबा स्थानांतरित किया गया है। तहसील दर्री से - विनोद अग्रवाल पसान, कविता, विकास जायसवाल पाली, विरेन्द्र सिंह आर्मो हरदीबाजार, राकेश पाण्डेय, नम्रता राजवाडे. भैंसमा, सुरेन्द्र मोहन कर्ष कटघोरा, अंकुर पाण्डेय को कोरबा स्थानांतरित किया गया है।

**खास बात**
- लंबे समय से जमे थे, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

### असामाजिक तत्वों ने बाइक में लगाई आग

**कोरबा।** कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत सिरमिना-कोरबी सड़क मार्ग पर स्थित भदरापारा गांव के पास एक पुल के नीचे कोई अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया और फरार हो गया है। उक्त स्थल को देख कर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि घटना एक सप्ताह पुर्व की होगी।

# ट्यूशन पढ़ने आई छात्रा के साथ हेड मास्टर ने किया दुष्कर्म का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ट्यूशन पढ़ने आई छात्रा के साथ स्कूल के हेड मास्टर ने दुष्कर्म करने की कोशिश की। जिस पर छात्रा वहां से शोर मचाते हुए घर की ओर भागी और रोते हुए अपने परिजनों को हेड मास्टर की करतूतों के बारे में बताई। अपनी पुत्री की आपबीती सुनकर गुस्साए परिजनों ने हेड मास्टर की चप्पल और लात घूसों से पिटाई कर दी। इसके बाद हेडमास्टर को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

**खास बातें**
- आक्रोशित परिजनों ने की आरोपी हेड मास्टर की पिटाई
- पसान थाना क्षेत्र के ग्राम सिर्री का मामला

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत सिर्री माध्यमिक शाला में हेड मास्टर के पद पर पदस्थ संजय कुमार कठौतिया काफी लंबे समय से माध्यमिक शाला में पदस्थ है और बच्चों को पढ़ा रहा है। आरोपी संजय कुमार गांव में ही किराये के मकान पर रहता है। जहां वो स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के बाद अपने घर जाता और वहां भी बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता था। शुक्रवार को स्कूल खत्म होने के बाद रोज की तरह कक्षा आठवीं की दो छात्राएं आरोपी के घर ट्यूशन पढ़ने गई थी। इसी दौरान शिक्षक की नीयत बिगड़ गई। उसने ट्यूशन पढ़ने आई एक छात्रा को यह कहकर घर वापस भेज दिया कि उसके पिताजी उसे बुला रहे हैं। वहीं दूसरी छात्रा को अकेले पाकर शिक्षक उसके साथ छेड़खानी करने लगा। शिक्षक ने पहले अपने कपड़े उतारे फिर उसके पूरे कपड़े उतार दिए। फिर उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। जैसे-तैसे दरवाजा खोलकर कमरे से घर की ओर भाग निकली। फिर रोते हुए गांव में चल रहे नवरात्रि पूजा पंडाल के पास पहुंची। जहां गांव के लोग पूजा-पाठ कर रहे थे। वहां मौजूद लोगों ने छात्रा को रोते हुए देखा तो उन्होंने उससे रोने की वजह पूछा। छात्रा ने रोते हुए बताया कि वो और उसकी सहेली शुक्रवार को टीचर के घर पढ़ने गई थी। वहां टीचर ने सहेली को यह कहकर घर वापस भेज दिया कि उसके पिताजी उसे बुला रहे हैं। इस पर सहेली वहां से चली गई। कमरे में छात्रा अकेली थी। टीचर ने पहले दरवाजा बंद कर लिया। फिर अपने कपड़े उतारने लगे। इसके बाद छात्रा के कपड़े उतारने लगे। इस हरकत से वो एकदम से डर गई। वो विरोध करते हुए जोर-जोर से चिल्लाने लगी और वहां से भाग गई। इसी बीच इस घटना की जानकारी छात्रा के घरवालों को मिली। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन और गांव वाले आक्रोशित हो गए। सभी गुस्से में शिक्षक के घर पहुंचे और उसकी चप्पल और घूंसे से पिटाई कर दी है। इसकी सूचना 112 को दी गई। वहीं ग्रामीणों ने थाना पसान पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि शिक्षक शादीशुदा है और उसकी पत्नी भी शिक्षाकर्मी है। उसकी पत्नी बिलासपुर जिले में पदस्थ है, उसके बच्चे भी हैं। इस घटना के बाद गांव में शिक्षक के प्रति लोगों में काफी आक्रोश है। लोगों ने आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं, ताकि इस तरह की हरकत दोबारा कोई शिक्षक न कर सके।



# नरेंद्र ने ली भाजपा कोरबा मंडल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद और युवा मोर्चा के महामंत्री नरेंद्र देवांगन ने भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में कोरबा मंडल की बैठक ली। बैठक में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती तक लेकर आगामी कार्यक्रमों की योजना पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरजू अजय ,कोरबा मंडल महामंत्री व पार्षद युगल किशोर कैवर्त ,भाजपा कोरबा मंडल के कोषाध्यक्ष राकेश नागरमल ,पूर्व पार्षद व वरिष्ठ कार्यकर्ता दादूराम, पार्षद श्रीमती धनकुमारी गर्ग, पार्षद श्रीमती सुलोचना यादव, पार्षद श्रीमती रूबी देवी सागर, पार्षद श्रीमती धनश्री साहू, पार्षद श्रीमती राधा महंत, पार्षद उपेंद्र पटेल, आत्माराम, श्रीमति प्रमिला सागर, श्रीमती पूर्णिमा पासवान, संयोजक श्री नामदेव,भाजयुमो के विशाल सचदेवा सहित जिले के कोरबा मंडल के पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित नरेंद्र देवांगन एवं अन्य भाजपाई।



5-APRIL- JAS TO BILASPUR Bhoomi pg-2_Layout 1 4/5/2025 8:24 PM Page 1




# PREMIER ACADEMY



## PREMIER ACADEMY से NEET 2024 में GOVT. MEDICAL COLLEGE में प्रवेशित छात्र

**CRASH COURSE**
**NEET 2025**
PAT/PET/PPHT/BSc. NURSING
**ABHIJAY TEST SERIES**
10 Full Length Tests

**DROPPER COURSE**
**NEET/IIT-JEE/CUET**
1 Year Classroom Program
- All Syllabus Coverage
- Test Series & One to One Doubt Session
- Daily 6 to 7 Hours Classes
- हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की पृथक कक्षाएं
- लड़के एवं लड़कियों हेतु पृथक हॉस्टल उपलब्ध

**SCHOOL+COACHING**
**NEET/IIT-JEE**
2 Years Classroom Program
For 11th & 12th

➡ सभी कक्षाएं हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में उपलब्ध
➡ हॉस्टल एवं मेस सुविधा उपलब्ध

Are you Looking for
**CRASH COURSE**
**CUET**
- English
- GT (General Test)
- Maths / Reasoning
- Domain Subjects (Arts / Commerce / Science)
- General Studies
- Legal Studies

Full Length Test Available for all Subjects

## All New Batches From 7th April 2025
## For IITJEE/NEET/CUET/NCET

### NEET-2024 में चयनित छात्र

सैनी रंजन दास-एम्स भुवनेश्वर, रिया मिश्रा-यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस दिल्ली, गुनगुन सिंह-गणेश शंकर विद्यार्थी स्मृति मेडिकल कॉलेज कानपुर, आशुतोष शर्मा-पं. जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज रायपुर, आदित्य कुमार-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया, महेन्द्र नायक-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी, ऋषि शेखर-छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, आकांक्षा-छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, रेखा-छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, लोकेश जायसवाल-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, मो. नदीम-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, सुखसागर-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, ममता नेताम-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर, चंद्रदेव-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, गगन सिंह-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, अंजना भगत-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, सुरेन्द्र कुमार-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, दिनेश नाग-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, नंदिनी कुर्रे-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, स्नेहा तिग्गा-चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल कॉलेज दुर्ग, राहुल-चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल कॉलेज दुर्ग, ज्योतिराज-शासकीय चिकित्सा महाविद्याल कांकेर, दिव्या कुर्रे-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद, जगन्नाथ-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद,

### CUET-2024 में चयनित छात्र

**दिल्ली विश्वविद्यालय** :- आकाश कुमार, अमित मरकाम, चंदन जनबंधु, देवेन्द्र, दुलेश कुमार पिसदा, ममतेश कुमार, सागर, व्यंकटेश, मुस्कान दिवान, सत्या सिंह

**बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय** :- दीपिका सिंह, गनेश्वरी सिंह, कुलेश्वरी, सुष्मिता खलखो, उमंग सिदार, देवशरन सिंह

**गुरु घासीदास विश्वविद्यालय** :- आकाश कुमार, दिव्या, कुलेश्वरी, चंदन, जैकी राजवाड़े, कुमलाल, टिकेश्वर, प्रीति, नोमेश मंडावी, परमवीर, लोमेश्वरी सेठिया

**Main Branch - Gumber Complex, In Front Of Old High Court, Bilaspur**
**Mangla Branch - Bachpan School Campus, Opp. 36 Mall, Mangla Chowk Bilaspur**
**Sarkanda Branch - Beside Palm Enclave, Seepat Road, Sarkanda Bilaspur**

8902987789
6260618880

For Information:
Follow us:
@PREMIER_ACADEMY_CG

5 korba-pg3_Layout 1 4/5/2025 11:34 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सचिव को सुको से मिली जमानत ठगी के आरोप को बताया गलत



**कोरबा।** धोखाधड़ी के मामले में भाजपा नेता को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। बांगो थाना में भाजपा नेता दीपक श्रीवास के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। आरोप है कि श्रीवास द्वारा युवकों को सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर तीन ग्रामीणों से करीब 9 लाख की ठगी की गई है। दिसंबर 2024 में दर्ज एफआईआर पर 4 माह तक फरार रहे श्रीवास की ओर से अग्रिम जमानत के लिए जिला न्यायालय के अलावा हाई कोर्ट में याचिका लगाई गई थी, जहां से याचिका खारिज हो गई। बाद में सुप्रीम कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई गई। दीपक श्रीवास के मुताबिक याचिका पर सुनवाई के बाद बुधवार को उन्हें अग्रिम जमानत दी गई। हालांकि बांगो पुलिस ने अब तक सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत का आदेश पत्र सीधे नहीं मिलने की जानकारी दी है। भाजपा नेता दीपक श्रीवास के मुताबिक बांगो थाना में लिखाई गई धोखाधड़ी की रिपोर्ट निराधार है। वे भारतीय जनता मजदूर यूनियन कौंसिल के राष्ट्रीय सचिव के पद पर रहते हुए मजदूरों के हित में काम कर रहे थे। इसी वजह से कुछ लोगों की ओर से बेबुनियाद आरोप लगवाकर उन्हें राजनीति और द्वेषवश झूठे केस में फंसाया गया है।

## नौ दिन तक चलने वाले चैत्र नवरात्रि पर्व का भक्तिभाव से हुआ समापन

# सर्वमंगला सहित ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में अष्टमी पर हुए भंडारे और कन्या भोजन



अष्टमी के दिन हवन में शामिल श्रद्धालु।



कन्या भोज कराते हुए महिलाएं एवं पुरुष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नौ दिन तक चलने वाले चैत्र नवरात्रि का पर्व के अवसर पर अष्टमी के दिन शनिवार को अंचल के सर्वमंगला सहित ग्रामीण क्षेत्रों के माता मंदिरों में भोग भंडारे अष्टमी हवन के साथ कन्या भोज के आयोजन किए गए। इस अवसर पर आम भक्तों की भीड़ देवी मंदिरों में उमड़ी रही। वहीं नौ दिन तक व्रत रखने वाले व्रतधारियों ने अपने उपवास का पारण किया।

चैत्र नवरात्रि के पर्व पर नौ दिन तक देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित करने के साथ आदिशक्ति के आराधना का दौर चलता रहा। हसदेव नदी तट पर विराजित आदिशक्ति मां सर्वमंगला मंदिर के अलावा मड़वारानी पहाड़ एवं डगनई पहाड़ में स्थित देवी मंदिरों में ग्रामीण अंचलों से आये श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते रहे। इसके साथ ही पाली क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध चैतुरगढ़ मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर में भी नौ दिन तक भक्ति का पर्व मनाया गया। अष्टमी के दिन देवी मंदिरों में हवन में श्रद्धालुओं ने आहूत दी और कन्या भोज का आयोजन किया गया। मंदिरों के अलावा नौ दिन तक व्रत रखने वाली महिलाओं ने भी घरों में कन्या भोज कराया। मंदिरों में चले कन्या भोज में और हवन में आहूति देने सैंकड़ों की संख्या में भक्तों की भीड़ मंदिरों में उमड़ी रही।

### विस अध्यक्ष और पूर्व राजस्व मंत्री पहुंचे सर्वमंगला मंदिर



विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत व पूर्व राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल सर्वमांगला माता के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान डा. चरण दास महंत ने माता के दर्शन किए और जिले सहित राज्य व देश वासियों के लिए प्राथना की है।

### श्री सप्तदेव मंदिर में रामनवमीं उत्सव आज

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री सप्तदेव मंदिर में श्री रामनवमीं उत्सव 6 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस दिन दोपहर 12 बजे मंदिर में चारों भाईयों भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघन का जन्म उत्सव मनाया जाएगा और प्रसाद वितरित किया जाएगा। आतिशबाजियॉं की जाएगी साथ ही मॉं दुर्गा के ज्योत का विसर्जन किया जाएगा। साथ ही श्री सप्तदेव मंदिर में श्याम का अलौकिक सांवला श्रृंगार किया जाता है जो वर्ष में एक बार ही किया जाता है जो देखते ही बनती है। विदित हो इस दिन विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में गायत्री मंदिर सीएसईबी चौक से शाम 4 बजे निकाली जाने वाली श्री राम की विशाल शोभायात्रा का स्वागत शाम 6 बजे किया जाएगा।

### मानव सेवा मिशन ने वनवासी छात्रावास में कराया कन्या भोज



वेदांता समूह की कंपनी बालको अंतर्गत बालको संयत्र में कार्य करने वाली युवाओं की समाज सेवी संस्था मानव सेवा मिशन ने पांचवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मां सर्वमंगला वनवासी कन्या छात्रावास पहुंच कर आदिवासी छात्राओं के साथ अपना स्थापना दिवस मनाया। मां दुर्गा स्वरूपी छात्राओं को कन्या भोज कराकर उन्हें उपहार के रूप में ज्योमेट्री बॉक्स प्रदान किया। जिसे शैक्षणिक कार्यों में उपयोग किया जा सके। अपने घर परिवार से दूर छात्रावास में रहने वाली छात्राओं ने मानव सेवा मिशन के सदस्यों को अपने बीच पाकर खुशी जाहिर करते हुए संस्था के सेवा कार्यों की तारीफ की।

## मातिन दाई मंदिर में नवरात्रि पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में स्थित प्रख्यात मां मातिन दाई मंदिर में इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के अवसर पर विशेष धार्मिक उल्लास देखने को मिल रहा है। पहाड़ी पर स्थित यह मंदिर मातिनगढ़ के नाम से जाना जाता है और क्षेत्र में आस्था का एक प्रमुख केंद्र है। हर वर्ष की तरह इस बार भी नवरात्रि में बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु माता से अपने परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति की कामना कर रहे हैं। इस बार मंदिर परिसर में कुल 576 मनोकामना ज्योतें जल रही हैं, जो श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक हैं। इनमें घृत की ज्योत 115 कलश, जवारा के 83 कलश और तेल के 378 कलश शामिल हैं। मंदिर प्रबंधन और प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की हैं। मंदिर परिसर में पेयजल की सुविधा, साफ-सफाई, छाया और पार्किंग की अच्छी व्यवस्था की गई है। इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है, जिससे मंदिर परिसर में मेला जैसा माहौल बन गया है। मातिन दाई मंदिर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। यह मंदिर एक छिपा हुआ लेकिन बेहद खूबसूरत धार्मिक स्थल है, जो हर भक्त के मन में विशेष स्थान रखता है। चैत्र नवरात्रि के इस पावन अवसर पर पूरा क्षेत्र माता के जयकारों से गूंज रहा है। और आस्था से भरा वातावरण श्रद्धालुओं को अध्यात्म से जोड़ रहा है।

### राजाबाबू को मिली एमबीबीएस की डिग्री



**हरदीबाजार।** पुलिस विभाग में पदस्थ एसआई ग्राम बोकरामुड़ा निवासी परमेश्वर राठौर व माता गंगोत्री राठौर का पुत्र राजाबाबू राठौर ने अपनी प्राथमिक शिक्षा कुसमुंडा डीएवी से की और राजस्थान कोटा से कोचिंग कर एमबीबीएस में सलेक्शन हुआ। अपनी कड़ी मेहनत के साथ आखिरकार उन्होंने एमबीबीएस कर डाक्टर की डिग्री हासिल की। यह डिग्री उन्हें बिलासपुर सिम्स हास्पिटल के आडिटोरियम में डीन रमनेस मुर्ति के हाथो 4 अप्रैल को प्रदान किया।

## निधन

### श्रीमती शांति बाई राठौर



**हरदीबाजार।** ग्राम चोढ़ा निवासी श्रीमती शांति बाई राठौर (65 वर्ष) का शनिवार को अकास्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पति उदेराम राठौर, बड़ा पुत्र जगरन्नाथ राठौर, गजाधर राठौर सहित नाती पोता सहित पूरा भरा परिवार शोक संतृप्त छोड़ गए। वे हरिभूमि प्रतिनिधि राजाराम राठौर की मामी थीं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम चोढ़ा मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिवार परिवार सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### प्रेमलता मिश्रा



**कोरबा।** पोड़ीबहार निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री प्रेमलता मिश्रा दादी का निधन शनिवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 6 अप्रैल की सुबह 11 बजे पोड़ीबहार मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### मंसादास



**कोरबा।** परसाभाठा निवासी मंसादास का निधन शनिवार को उपचार के दौरान हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार परसाभाठा के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।




5 korba-pg5_Layout 1 4/5/2025 11:17 PM Page 1



# रामनवमी पर विशेष...



























5 korba-pg6_Layout 1 4/6/2025 12:22 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### साकेत एवं सभी जोन कार्यालयों में 8 से 11 तक संचालित होगा सुशासन तिहार

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप नगर निगम के मुख्य कार्यालय साकेत भवन एवं सभी 7 जोन कार्यालयों में सुशासन तिहार का संचालन कर 8 से 11 अप्रैल तक इन सभी स्थानों में आमनागरिकों से उनकी समस्याओं व मूलभूत सुविधाओं से जुडे.कार्यो के संबंध में आवेदन जमा कराए जाएंगे। राज्य शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा, पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आमजनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे, दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा, वहीं तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 से 21 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन होगा। शासन के निर्देशों के परिपालन में निगम के साकेत भवन, टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल नगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला नगर जोन में सुशासन तिहार के तहत आमनागरिकों से उनकी समस्याओं व मूलभूत सुविधाओं से जुडे. कार्यो के संबंध में 8 से 11 अप्रैल तक कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आवेदन पत्र लिए जाएंगे।

### केवी एनटीपीसी में कक्षा 1 के नन्हें मुन्नों का भव्य स्वागत

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 एनटीपीसी कोरबा में कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों का हर्षोल्लास के साथ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम किया गया। विद्यालय परिसर बच्चों की चहक और मुस्कान से गुलजार हो गया। विद्यालय प्राचार्य एस के साहू ने कहा कि यह दिन विद्यालय के लिए अत्यंत खास होता है क्योंकि इन छोटे बच्चों के रूप में विद्यालय को नये सपने और ऊर्जा मिलती है। बच्चों का बैंड बजाकर, तिलक लगाकर और चॉकलेट से स्वागत किया गया। शिक्षकों और वरिष्ठ विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय द्वारा विशेष सजावट की गई थी जिससे वातावरण पूरी तरह से उत्सवमय हो गया। अभिभावकों के लिए एक परिचय सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय की कार्यप्रणाली, नियम और बच्चों की देखभाल से जुड़ी जानकारी साझा की गई। कक्षा 1 के बच्चों को उपहार भेंट किए गए। शिक्षकों ने बच्चों को प्यार और दुलार के साथ कक्षा में प्रवेश कराया, जिससे उनका मनोबल बढ़े और विद्यालय का पहला दिन हमेशा यादगार बने। यह आयोजन बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों के लिए भी एक सुखद और भावनात्मक अनुभव रहा।

### स्कूटी के अंदर बैठा था सांप किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** एक स्कूटी के अंदर से खतरनाक सांप निकला, जिसे देखने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। हालांकि रेस्क्यू टीम की मदद से सांप को स्कूटी से काफी मशक्कत करने के बाद बाहर निकाला गया। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती मोहल्ले में निवासरत स्कूटी के मालिक ने जब अपनी गाड़ी स्टार्ट करने की कोशिश की तो उन्हें कुछ अजीब सी हरकत महसूस हुई। जब उन्होंने ध्यान से देखा तो स्कूटी के अंदर एक सांप दिखाई दिया। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना रेस्क्यू टीम को दी। सूचना मिलते ही आरसीआरएस टीम विशेषज्ञ गौरव गर्ग और उमेश यादव मौके पर पहुंचे और लगभग 30 मिनट की मशक्कत के बाद उन्होंने कॉमन करैत को स्कूटी से सुरक्षित बाहर निकाला और उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

### कृष्णा ग्रुप द्वारा जिला स्तरीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का किया आयोजन

**कोरबा।** ऑटोमोबाइल क्षेत्र में तेजी से अग्रसर छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा राज्यों में 50 से अधिक शोरूम संचालित करने वाला प्रतिष्ठित निजी संस्थान कृष्णा ग्रुप न केवल व्यवसाय में, बल्कि राष्ट्रीय एवं सामाजिक गतिविधियों में भी सदैव सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। इसी कड़ी में, कृष्णा ग्रुप द्वारा जिले का अब तक का सबसे बड़ा जिला स्तरीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट श्री सप्तदेव कप 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता सफेद लेदर बॉल से टर्फ विकेट पर खेली जाएगी और इसका शुभारंभ 8 अप्रैल से सीएसईबी ग्राउंड में होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने 4 अप्रैल तक समय निर्धारित की गई है। कृष्णा ग्रुप के चेयरमैन अशोक मोदी एवं डायरेक्टर राजा मोदी के हाथों से पुरुस्कृत किया जाएगा।

## आबंटित खाद्यान्न और वितरण की तैयार हो रही रिपोर्ट

# पीडीएस दुकानों में स्टॉक का हो रहा भौतिक सत्यापन, दुकानें बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों की पीडीएस दुकानें बीते तीन दिन से बंद है। खाद्यान्न आबंटन से लेकर वितरण तक में हो रही गड़बड़ियों की मिल रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए सभी पीडीएस दुकानों के पॉश मशीन की तकनीकी जांच और ऑनलाइन स्टॉक रिकार्ड का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

**खास बात**

- पॉश मशीन की जांच करने आई तकनीकी टीम

शहरी और ग्रामीण अंचल मिलाकर 460 पीडीएस दुकानों का संचालन खाद्य विभाग के माध्यम से शहरी क्षेत्र में स्व सहायता समूह, प्राथमिक उपभोक्ता भंडार तथा ग्रामीण अंचलों में ग्राम पंचायत, स्व सहायता समूह तथा सहकारी समिति के माध्यम से किया जा रहा है। इन दुकानों से 4 लाख 65 हजार हितग्राहियों को खाद्यान्नों का वितरण किया जाता है। बीते लंबे समय से विशेषकर ग्रामीण अंचलों में महीनों से खाद्यान्न सामग्री का वितरण नहीं होने की शिकायतें आम हो चली है। स्थानीय स्तर पर जांच कराए जाने के बाद भी गड़बड़ियों पर अंकुश नहीं लग रहा था। यही स्थिति नगरीय निकाय क्षेत्रों में संचालित पीडीएस दुकानों की भी थी। इन सब शिकायतों को संज्ञान में लेकर बीते 2 अप्रैल से सभी पीडीएस दुकानों के पॉश मशीन की जांच करने और अब तक पीडीएस दुकानों को किए गए खाद्यान्न आबंटन और हितग्राहियों को किए गए वितरण के रिकार्ड का सत्यापन किए जाने का निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए गए थे जिनके नेतृत्व पर नायब तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक की टीम बनाई गई। टीम की जांच शुरु होते ही बीते तीन दिन से पीडीएस दुकानों से खाद्यान्नों का वितरण बंद पड़ा हुआ है।



### मेरी मर्जी योजना का पालन नहीं

पीडीएस दुकानों में मेरी मर्जी योजना लागू है। इस योजना के अंतर्गत किसी भी वार्ड का हितग्राही कहीं से भी खाद्यान्नों का उठाव कर सकता है। यह योजना शासन के और खाद्य विभाग के रिकार्डों में लागू है किंतु पीडीएस दुकानदार योजना के धज्जियां उड़ा रहे हैं। कई हितग्राहियों की मानें तो उन्हें खाद्यान्न ही नहीं मिलता। शासन की योजना खाद्यान्न उठाने की है किंतु दुकान ही अपने मर्जी से खोलते हैं यही कारण है कि सरकारी रिकार्ड में मेरी मर्जी योजना चल रही है और मैदानी क्षेत्र में पीडीएस दुकानदार अपनी मर्जी योजना चला रहे हैं।

### विभागीय वेबसाइट में दर्ज मात्रा से होगा मिलान

सत्यापन के दौरान टीम के द्वारा यह देखा जाएगा कि पीडीएस दुकानों में जितनी खाद्य सामग्री का आबंटन ऑनलाइन किया गया है वह विभागीय वेबसाईट में जितनी दर्ज है अगर दुकान में खाद्यान्न अधिक या कम पाया जाता है तो दुकान संचालक के उपर उपभोक्ता आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी एवं भूराजस्व के बकाया के रुप में वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

**सत्यापन किया जा रहा है**

दुकानों के लिए आबंटित की गई खाद्य सामग्री का भौतिक सत्यापन और पॉश मशीन की जांच चल रही है। खाद्य सामग्री के आबंटन मात्रा और दुकानों में उपलब्ध मात्रा तथा वितरण की गई स्थिति का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।
-**घनश्याम कंवर,** जिला खाद्य अधिकारी

# दुकान में लगी आग दमकल ने पाया काबू



दुकान में लगी आग को बुझाता दमकल विभाग की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब मेन रोड में स्थित शारदा नामक इलेक्ट्रीकल पार्ट्स और ऑक्सीजन सिलेंडर दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही 112 और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। वहीं आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह यह आगजनी की घटना घटी। मेन रोड में स्थित बालाजी गैस नामक इलेक्ट्रीकल पार्ट्स और ऑक्सीजन सिलेंडर दुकान में आग लग गई। धुआं निकलता देखकर आसपास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 व फायर ब्रिगेड की टीम को दी। सूचना मिलते ही पुलिस को फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। कुछ देर बाद आग पर काबू पा लिया गया। गैस दुकान में इलेक्ट्रीकल पार्ट्स वह अन्य सामान रखा हुआ था जिसके इससे कारण आग काफी तेज से फैलने लगी थी फिलहाल समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। यह आगजनी की घटना किन कारणों से हुई इसका वास्तविक पता नहीं चल सका है लेकिन शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। इस आगजनी की घटना में जान माल का नुकसान नहीं हुआ है लेकिन दुकान के अंदर रखें काफी सामान जलकर खाक हो गए हैं।

# गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष को पशु चिकित्सा को व्यवस्थित करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में लावारिस एवं घुमन्तु गौवंशों की दुर्दशा एवं पशु चिकित्सा सेवाओं की अव्यवस्था को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल को छत्तीसगढ़ शासन की गौ सेवा संयोजक, लालिमा जायसवाल द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया। श्री जायसवाल ने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में जिला कोरबा में पशु चिकित्सा सेवाएं अत्यंत बदहाल स्थिति में हैं। उन्होंने बताया कि जिले में पर्याप्त संख्या में पशु औषधालय नहीं हैं, जिससे घायल व बीमार लावारिस व घुमन्तु गौवंशों का समुचित उपचार नहीं हो पाता। साथ ही, आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं जैसे ऑपरेशन की व्यवस्था भी विभाग में उपलब्ध नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि विभाग में स्टाफ की भारी कमी है, जिससे इलाज की प्रक्रिया और भी बाधित हो रही है। लावारिस गौवंशों की स्थिति अत्यंत दयनीय है, क्योंकि उनके लिए कोई स्थायी व्यवस्थापन नहीं है। मृत गौवंशों के अंतिम संस्कार के लिए भी साधनों एवं मुक्तिधाम की व्यवस्था नहीं है, जिससे यह एक गंभीर समस्या बन चुकी है। लालिमा जायसवाल ने ज्ञापन में मांग की है कि सभी समस्याओं के समाधान हेतु त्वरित और ठोस कार्यवाही की जाए। उन्होंने बताया कि पूर्व में बाल्को क्षेत्र में पशु औषधालय और गौशाला की स्थापना हेतु कई बार शासन को पत्र प्रेषित किए जा चुके हैं, परंतु अब तक कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई है।



ज्ञापन सौंपते गौ सेवा समिति के संयोजक।

# एसईसीएल के तीन अधिकारी सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के अंतर्गत 13 क्षेत्र और 2 केंद्रीय कार्यशाला में हर माह अधिकारी और कर्मचारियों के रिटायर हों रहे हैं। जहां एक ओर कोल इंडिया में अधिकारियों की सीधी नियुक्ति तो हो रही है लेकिन अगर हम बात करे कर्मचारी की तो वर्ष 1988 से सीधी भर्ती पर रोक लगा दी गई है। केवल खदान विस्तार के लिए भूअधिग्रहण के चलते व्यवस्थापित लोगों की भर्ती की जा रही है। इसी सेवानिवृति के क्रम में कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधक (कार्मिक) सरत कुमार मल्लिक साथ ही महाप्रबंधक (उत्खनन) सौमित्र चंद्रा साथ ही अधीनस्थ अभियंता सुब्रत चौधरी को शाल, श्रीफल, मानपत्र और सेवानिवृति प्रमाण पत्र क्षेत्रीय महाप्रबंधक राजीव सिंह के द्वारा प्रदान किया गया। सभा में क्षेत्रीय स्तर के सभी विभागाध्यक्ष, संबंधित विभाग के कर्मचारी, प्रेस मीडिया के पदाधिकारी व स्टेक होल्डर शामिल रहे। कार्यक्रम में सेवानिवृत अधिकारियों को सपरिवार आमंत्रित किया गया था। महाप्रबंधक सिंह ने रिटायर हुए तीनों अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट की और पुष्प हार पहनते हुए स्वागत किए और उनके उज्ज्वल की कामना की। मुख्य प्रबंधक सुजीत कुमार झा ने महाप्रबंधक उत्खनन सौमित्र चन्द्रा के उनके समूचे सेवाकाल के उपलब्धियों का वाचन किया। इसके उपरांत प्रबंधक कार्मिक प्रमोद कुमार सिंह ने क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक मल्लिक के सेवाकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्यो का उल्लेख करने के साथ साथ कुसमुंडा क्षेत्र में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के दुकान संचालकों के बड़ी मात्रा के बकाया राशि की वसूली की जिसमें एक दिन में 20 लाख रुपयों की वसूली करने का कीर्तिमान रचा।



सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई देते हुए।

# राजस्व की वसूली में लापरवाही एवं निर्माण कार्यों में देरी पर आयुक्त हुए नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने राजस्व वसूली कार्यो में लापरवाही बरतने, निर्धारित वसूली लक्ष्य को प्राप्त न करने तथा जोन में प्रस्तावित निर्माण व विकास कार्ये को प्रारंभ करने में देरी को लेकर नाराजगी जाहिर की तथा अधिकारियों को अल्टीमेटम देते हुए राजस्व वसूली कार्यो में तेजी लाने एवं प्रस्तावित विकास व निर्माण कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराए जाने के निर्देश दिए, आयुक्त श्री पाण्डेय ने जिन राजस्व कर्मियों का वसूली प्रतिशत कम था, उन्हें मौके पर ही शो-काज नोटिस जारी किया, साथ ही 1 सप्ताह के अंदर राजस्व वसूली प्रतिशत में वृद्धि कर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति करने के निर्देश भी जोन प्रभारी को दिए।

**खास बात**

- आयुक्त ने दर्री जोन कार्यालय में ली अधिकारियों की बैठक

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आज दर्री जोन कार्यालय पहुंचकर प्रातः 8.30 बजे जोन कमिश्नर सहित जोन के समस्त अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर कार्यो की विस्तार से बिन्दुवार समीक्षा की। राजस्व वसूली कार्यो की समीक्षा के दौरान उन्होने राजस्व की कम वसूली एवं वसूली कार्य के प्रति उदासीनता व लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित राजस्व कर्मचारियों को मौके पर ही शो-काज नोटिस जारी किया। उन्हेने जोन प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि वसूली कार्यो में अपेक्षित तेजी लाकर 1 सप्ताह के अंदर वसूली के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने जोन के प्रस्तावित व प्रगतिरत विकास व निर्माण कार्यो की भी समीक्षा की एवं जोन में प्रस्तावित नवीन विकास कार्यो को प्रारंभ करने में देरी को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की, उन्हेने जोन कमिश्नर एवं संबंधित अभियंताओं को अल्टीमेटम देते हुए कार्यप्रक्रिया में तेजी लाकर निर्माण कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराए जाने के निर्देश दिए।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते आयुक्त।

### प्रगतिरत निर्माण कार्यों का निरीक्षण

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने दर्री जोन के विभिन्न वार्डो में प्रगतिरत व प्रस्तावित निर्माण कार्यो का स्थल निरीक्षण किया। निगम द्वारा सरदार पटेलनगर में सीवर लाईन मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है, साथ ही वहां पर कलवर्ट का निर्माण कर लाईन को बड़े नाले से जोड़ने का कार्य भी प्रगति पर है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य में आवश्यक तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार वार्ड क्र. 59 मुक्तिधाम में शवदाह का निर्माण, वार्ड क्र. 48 दर्री थाना के सामने एक्युप्रेशर पाथवे का निर्माण, वार्ड क्र. 48 कलमीडुग्गू स्कूल में जिला खनिज न्यास मद से बाउण्ड्रीवाल निर्माण तथा वार्ड क्र. 60 तुलसीनगर में जिला खनिज न्यास मद से बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन सभी प्रगतिरत निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया, कार्य की गुणवत्ता को देखा तथा समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### आवासगृहों को अपडेट कर शीघ्र आबंटन कराएं

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने दर्री जोनांतर्गत स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासगृहों का निरीक्षण किया, निगम द्वारा इन आवासगृहों के मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने आवासगृहों के मरम्मत कार्य, बाउण्ड्रीवाल निर्माण, मकानों के दरवाजे, खिड़की, विद्युत वायरिंग व परिसर के विकास कार्य सहित अन्य कार्यो को शीघ्र पूरा करने एवं पात्र हितग्राहियों को इन आवासगृहों का आबंटन किए जाने की कार्यवाही त्वरित रूप से कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होने आवासगृहों में पेयजल की समुचित व्यवस्था किए जाने हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को भी कहा।

### 64 पदों के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 9 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में 9 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप आयोजित है। जिसके माध्यम से सेंट जोसेफ फायर एण्ड सेफ्टी एकेडमी टीपी नगर में सेल्स एण्ड मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के 10 पद हेतु वांछित योग्यता स्नातक, काउंसलर/टेलीकॉलर के 10 पद हेतु योग्यता स्नातक, एकाउंटेंट (सिनियर) के 3 पद हेतु स्नातकोत्तर, ऑफिस ब्वॉय के 2 पद हेतु 12वीं उत्तीर्ण, फस्ट एड ट्रेनर के 2 पद हेतु मौका दिया जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## 1500 स्टूडेंट ने लाइब्रेरी में हो रही समस्याओं की शिकायत की

# सेंट्रल लाइब्रेरी ठेका कंपनी के हवाले, 1500 छात्रों से मनमानी फीस वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंट्रल लाइब्रेरी में फीस का विवाद एक बार फिर उठ रहा है। यहां के करीब 1500 स्टूडेंट ने लाइब्रेरी में हो रही समस्याओं के साथ ही फीस कम किए जाने की मांग को लेकर केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरूण साव और निगम कमिश्नर अमित कुमार से शिकायत की है। इनका कहना है कि लाइब्रेरी का संचालन एक ठेका कंपनी को दे दिया गया है। यह मनमाना फीस वसूल रही है। लाइब्रेरी का शुल्क 500 से 700 कर दिया गया है। यही नहीं एक दिन की भी देरी पर विलंब शुल्क ले लिया जाता है। इस विलंब शुल्क ठेका कंपनी का एक स्टाफ अपने पर्सनल एकाउंट में लेता है और इसकी रसीद भी नहीं दी जाती। खास बात कि रायपुर स्थित लाइब्रेरी नालंदा तक्षशिला का संचालन 24 घंटे होता है और उसकी फीस 500 रुपए है तो सेंट्रल लाइब्रेरी रायपुर की फीस 200 रुपए है और वहां लाइब्रेरी 24 घंटे खुली रहती है। बिलासपुर में लेकिन सेंट्रल लाइब्रेरी की फीस सबसे अधिक 700 रुपए है और केवल 14 घंटे खुलता है जबकि सोमवार को हॉप डे रखा जाता है। नूतन चौक स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी 7 करोड़ में बनी है। एक शानदार कारपोरेट आफिस की तरह बने इस लाइब्रेरी में फिलहाल 1500 से अधिक बच्चों का रजिस्ट्रेशन है। फीस को लेकर पहले भी आंदोलन हुआ है। आठ महीने पहले भी छात्रों ने फीस बढ़ोतरी के खिलाफ मोर्चा खोला था और नाराजगी जाहिर करते हुए लाइब्रेरी के गेट के सामने जमीन पर बैठ गए थे। अब एक बार फिर सुविधाओं और फीस को लेकर यहां के छात्र आक्रोशित हो रहे हैं। छात्र-छात्राओं ने फीस वृद्धि को अनुचित बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की।

छात्रों के मुताबिक लाइब्रेरी का शुल्क 500 से 700 रुपए कर दिया गया है। यही नहीं द्वितीय तल की सदस्य संख्या अधिकतम सीमा से कम है फिर भी अतिरिक्त राशि प्राप्ति के लिए केवल प्रथम तल (सदस्यता शुल्क 700) में ही प्रवेश दिया जा रहा है।

### कंप्यूटर, और वाई-फाई जैसी सुविधाएं भी दुरुस्त नहीं

यहां पढ़ रहे 280 से अधिक स्टूडेंट ने एक शिकायत पत्र तैयार करते हुए उसमें साइन किया है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ जल की उपलब्धता ना होने के कारण हमारे कई साथी गंदा पानी पीकर बीमार भी हो चुके हैं। इसके अलावा, लाइब्रेरी में एसी, पंखे, कंप्यूटर, और वाई-फाई जैसी मूलभूत सुविधाएँ भी दुरुस्त नहीं हैं। हमने इस संबंध में लाइब्रेरी प्रशासन को कई बार शिकायत की है, लेकिन हमारी समस्याओं को बार बार नजरअंदाज किया जाता रहा है। कई पंखे खराब हैं तो कई रिपेयरिंग में गए हुए हैं। हुआ है। खाना खाने या फिर डिस्कशन के लिए कही बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है बच्चे जमीन में बैठकर सारा कार्य करते है। इस लाइब्रेरी का लिफ्ट बंद है।

### निरीक्षण किया जाएगा

सेंट्रल लाइब्रेरी के संचालन का जिम्मा ठेका कंपनी को दिया गया है। मेंटेनेंस से लेकर स्टाफ तक की व्यवस्था ठेकेदार ही कर रहा है। फीस वृद्धि की जानकारी तो नहीं है। व्यवस्था के लिए निरीक्षण कर लिया जाएगा। छात्रों से बात की जाएगी।
- **खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त, नगर निगम

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO ज़ेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी.मढ़रिया
डायरेक्टर
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
को-डायरेक्टर
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा ● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त,
11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411